

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
Ist ग्रेड

REET
I, II Level



# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 3 September 2022

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 3 सितंबर का इतिहास

- **1943 :** दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने इटली पर हमला किया।
- **1992 :** भारत की प्रसिद्ध महिला पहलवान साक्षी मलिक का जन्म हुआ था।
- **1943 :** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के घटक देश इटली ने हथियार डालने के समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- **2006 :** यूरोप का पहला त्रिवर्षीय चंद्र मिशन समाप्त।
- **1971 :** कतर स्वतंत्र राष्ट्र बना।

## 3 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- ग्राहक सुरक्षा को मजबूत करने के अपने प्रयासों के हिस्से के रूप में रिजर्व बैंक धोखाधड़ी वाली वेबसाइटों, फोन और डिजिटल धोखाधड़ी के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तरीकों का डेटाबेस बनाने के लिए एक धोखाधड़ी रजिस्ट्री स्थापित करने पर विचार कर रहा है। ऐसा डेटाबेस इन धोखेबाजों को धोखाधड़ी को दोहराने से रोकने में मदद करेगा क्योंकि वेबसाइटों या फोन नंबरों को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।
- अटल इनोवेशन मिशन और नीति आयोग हाई स्कूल के छात्रों के बीच एक नवीन मानसिकता का पोषण करने के लिए जम्मू और कश्मीर में 500 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करेंगे। एटीएल पूरे भारत में हाई स्कूल के छात्रों के बीच एक अभिनव मानसिकता को पोषित करने के लिए केंद्र द्वारा शुरू की गई एआईएम की प्रमुख पहल है।
- आईसीआईसीआई बैंक ने नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी का ऐलान किया। बैंक ने NPCI के साथ मिलकर RuPay क्रेडिट कार्ड को लॉन्च किया है। इस क्रेडिट कार्ड में कस्टमर को प्रत्येक 100 रुपये खर्च करने के बाद एक रीवार्ड प्वाइंट मिलेगा। जबकि 1 साल में 2 लाख रुपये खर्च करने पर 2,000 बोनस रिवार्ड प्वाइंट मिलेंगे।
- डेनमार्क के विक्टर एक्सेलन ने फाइनल में थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न को 21-5, 21-16 से हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2022 में पुरुष एकल खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ एक्सेलसन अब एक साथ ओलंपिक विश्व चैंपियनशिप, बीव्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल और पिछले तीन सुपर 1000 खिताब अपने नाम कर चुके हैं। उन्होंने 2017 में ग्लासगों में विश्व खिताब का दावा भी किया था।
- एशिया प्रशांत क्षेत्र में शीर्ष प्रौद्योगिकी केंद्रों की सूची में बीजिंग के बाद बेंगलुरू दूसरे स्थान पर है। संपति सलाहकार कुशमैन एंड वेकफील्ड ने यह जानकारी दी है। कुशमैन एंड वेकफील्ड की टेक सिटीजः द ग्लोबल इंटरसेक्शन ऑफ टैलेंट एंड रियल शीर्षक वाली ताजा रिपोर्ट में रियल एस्टेट और कारोबारी माहौल से जुड़े 14 मानदंडों के आधार पर प्रौद्योगिकी बाजारों की पहचान की गई है।
- सवाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए क्वाड्रीवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन को लॉन्च किया जा रहा है। यह भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित वैक्सीन है। यह qHPV वैक्सीन CERVAVAC है जो मजबूत एंटीबॉडी प्रतिक्रिया का प्रदर्शन करती है। qHPV की शीघ्र उपलब्धता विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से सुनिश्चित की जाएगी।
- लग्जरी कार निर्माता मर्सिडीज बेंज ने एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक घोषणा की। भारत में कार्यकाल के बाद मार्टिन श्वेंक मर्सिडीज बेंज थाईलैंड के अध्यक्ष ओर मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। संतोष अय्यर उन्नत हो गए और मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में मार्टिन श्वेन्क का स्थान लेंगे। ये दोनों नियुक्तियां 1 जनवरी 2023 से प्रीभावी होंगी।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष ओर प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 45वीं वार्षिक आम बैठक में 3.5 लाख करोड़ रूपये की निवेश योजनाओं की घोषणा की। अपने भाषण में अंबानी ने कहा कि जैसा कि पिछले साल घोषित किया गया था, विकसित मॉडलों की मापनीयता के आधार पर प्रतिबद्धता को दोगुना करने की क्षमता के साथ निवेश योजनाओं में 5जी के तेजी से रोलआउट पर 2,00,000 करोड़ रूपये, मूल्य श्रृंखलाओं में ओ2सी क्षमताओं के विस्तार में 75,000 करोड़ रूपये और नए ऊर्जा व्यवसाय में 75,000 करोड़ रूपये शामिल है।
- कर्नाटक की दिविता राय एक स्टार स्टडेड इवेंट में मिस दिवा यूनिवर्स 2022 बनीं। मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज संधू ने दिविता को अपने उत्तराधिकारी के रूप में ताज पहनाया। ऐसे में 71वें मिस यूनिवर्स 2022 पेजेंट में 23 वर्षीय दिविता भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। जहां हरनाज संधू अगली मिस यूनिवर्स विजेता को ताज पहनाएंगी।
- ताइवान को लेकर काफी संभलकर बयान देने वाले भारत ने पहली बार ताइवान जलडमरूमध्य को लेकर दुर्लभ बयान दिया है। भारत ने पहली बार इसे ताइवान जलडमरूमध्य का सैन्यीकरण कहा है जो नई दिल्ली द्वारा ताइवान के प्रति चीन की कार्रवाइयों पर टिप्पणी करने का एक दुर्लभ उदाहरण है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज ®

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. रिलायंस इंडस्ट्रीज मेट्रो शहरों में जियो 5G लॉन्च करने के लिए कितने लाख करोड़ रूपये का निवेश करेगी ?**

(A) 2 लाख करोड़ रूपये (B) 5 लाख करोड़ रूपये
(C) 7 लाख करोड़ रूपये (D) 10 लाख करोड़ रूपये

**(A)** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कंपनी की 45वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान कहा कि पैन-इंडिया 5G नेटवर्क स्थापित करने के लिए 2 लाख करोड़ रूपये का निवेश किया जाएगा। रिलायंस जियो के अनुसार जियो 5G दिवाली 2022 तक दिल्ली, मुंबई, कोलकाता ओर चेन्नई सहित कई प्रमुख शहरों में उपलब्ध होगा।



**2. किस संस्थान ने छात्रों की शिकायतों के समाधान के लिए ई-समाधान नामक पोर्टल लॉन्च करने की घोषणा की है ?**

(A) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
(B) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली
(C) संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली
(D) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली

**(B)** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने छात्रों, कर्मचारियों की शिकायतों के हल के लिए ई-समाधान नामक पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से देश के करोड़ो स्टूडेंट्स अपनी शिकायतें सीधे शीर्ष विनियामक को बता सकेंगे और उनका समाधान पा सकेंगे।




**3. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 950 विकेट पूरे करने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज कौन बने है ?**

(A) जसप्रीत बुमराह, भारत (B) वसीम अकरम, पाकिस्तान
(C) टीम साउदी, न्यूजीलैंड (D) जेम्स एंडरसन, इंग्लैंड

**(D)** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 950 विकेट पूरे करने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए है, इन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 151 रन बनाए थे।




**4. माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता बेहतर बनाने के लिए नीति आयोग द्वारा 500 से अधिक अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाएं कहाँ स्थापित की जाएगी ?**

(A) कोलकत्ता (B) भुवनेश्वर
(C) जम्मू-कश्मीर (D) नई दिल्ली

**(C)** अटल टिंकरिंग लैब एक ऐसा स्थान प्रदान करती है जहां युवा अपने विचारों को एक दिशा दे सके और नवाचार कौशल सीख सकते हैं। अटल इनोवेशन मिशन के तहत नीति आयोग ने अब तक देश भर में 10000 से अधिक अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाएं स्थापित की है। इस योजना का उद्देश्य स्कूल, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थानों MSME ओर उद्योग स्तरों पर हस्तक्षेप के माध्यम से देश भर में नवाचार और उद्यमिता का एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है।




**5. भारत के किस राज्य को 119 साल बाद धनसारी शोखुवी रेलवे लाइन पर दूसरा रेलवे स्टेशन मिला है ?**

(A) असम (B) नागालैंड
(C) हिमाचल प्रदेश (D) उत्तराखंड

**(B)** नागालैंड को 118 वर्षो से अधिक लगभग (119 साल) के बाद शोखुवी में अपना दूसरा रेलवे स्टेशन मिला है। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो शोखुवी रेलवे स्टेशन से डोनी पोलो एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो नागालैंड और मणिपुर को गुवाहाटी से जोड़ती है।



**6. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1745 करोड़ रूपये की लागत से बनी दुनिया की सबसे लंबी शाखा नहर का उद्घाटन कहाँ किया है ?**



(A) तिरूवंतपुरम, केरल (B) वाराणसी, उत्तरप्रदेश
(C) कच्छ, गुजरात (D) चंपारन, बिहार

**(C)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार सरोवर परियोजना की कच्छ शाखा नहर का उद्घाटन किया है। कच्छ शाखा नहर नर्मदा योजना मुख्य नहर की श्रृंखला बनास कांठा से निकलती है। कच्छ शाखा नहर की कुल लंबाई 357.18 किमी है। नहर के एक हिस्से का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने 2017 में किया था और बाकी हिस्से का उद्घाटन अब किया जा रहा है।

**7. भारतीय प्रतिभूति ओर विनियम बोर्ड के चौथे पूर्णकालिक सदस्य के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ?**



(A) श्याम कुमार श्रीनिवासन (B) समीर वेंकटपति कामत
(C) भारत भूषण देव चौधरी (D) अनंत नारायण गोपालकृष्णन

**(D)** जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में एसोसिएट प्रोफेसर अनंत नारायण गोपालकृष्णन भारतीय प्रतिभूति ओर विनियम बोर्ड के चौथे पूर्णकालिक सदस्य बने है। अन्य तीन पूर्णकालीन सदस्यों के नाम SK मोहंती, अनंत बरूआ ओर अश्वनी भाटिया है।

**8. बैडमिंटन टूर्नामेंट BWF विश्व चैंपियनशिप 2022 में पुरूष एकल खिताब किसने जीता है ?**



(A) विक्टर एक्सेलसन, डेनमार्क
(B) कुनलावुत वितिदसार्न, थाइलैंड
(C) जोनाथन क्रिस्टी, इंडोनेशिया
(D) नूर इजुद्दीन, मलेशिया

**(A)** डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मैच में थाइलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न को 21-5, 21-16 से हराकर BWF विश्व चैंपियनशिप 2022 में पुरूष एकल खिताब जीता है। वहीं महिला वर्ग में जापान की अकाने यामागुची ने चीन की चेन युफेई को हराकर महिला एकल खिताब का खिताब जीता है।

**9. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2001 के भूकंप पीड़ितों की याद में 'स्मृति वन स्मारक और वीर बालक स्मारक' का उद्घाटन कहां किया है ?**



(A) वाराणसी, उत्तरप्रदेश (B) हैदराबाद, तेलंगाना
(C) भोपाल, मध्यप्रदेश (D) कच्छ, गुजरात

**(D)** स्मृति वन स्मारक उन 13,000 लोगों को समर्पित है, जिन्होंने 2001 में भुज में आए भूकंप के दौरान अपनी जान गंवाई थी और उनके नाम स्मरण के निशान के रूप में इसमें अंकित है। वीर बालक स्मारक अंजार शहर में एक रैली में भाग लेने के दौरान 185 स्कूली बच्चे और 20 शिक्षक की याद में बनवाया गया है जो पास की इमारतों के मलबे के नीचे दब गए थे।

**10. भारतीय तटरक्षक बल ने SAREX-2022 नामक 10वें राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव अभ्यास का आयोजन कहां किया है ?**



(A) पोखरण (राजस्थान) (B) चेन्नई (तमिलनाडु)
(C) चांदीपुर (ओडिशा) (D) तिरूवंतपुरम (केरल)

**(B)** भारतीय तटरक्षक बल ने चेन्नई तट पर 10वां राष्ट्रीय खोज और बचाव अभ्यास आयोजित किया हैं। इसका आयोजन राष्ट्रीय समुद्री तलाशी एवं बचाव बोर्ड ने किया था। इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्र में होने वाली दुर्घटनाओं पर काबू पाने के साथ रेस्क्यू अभियान चलाकर लोगों की जान बचाना है। इस अभ्यास में 16 मित्र देशों के 24 विदेशी पर्यवेक्षकों ने भाग लिया है।